Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 23

No. of Printed Pages – 11

**S–121–Hindi (D & D) (Supp.)**

यहाँ से काटिए

# माध्यमिक (मूक–बधिर) पूरक परीक्षा, 2024

## हिंदी

**समय** : 4 **घण्टे** 15 **मिनिट**

**पूर्णांक** : 80

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

2) **सभी** प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

4) जिस प्रश्नों के **अ, ब, स, द, य, च** खण्ड हैं, उन सभी का हल एक साथ सतत् लिखें ।

यहाँ से काटिए

## खण्ड – 'अ'

प्र.1) निम्नलिखित बहुविकल्पात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **[10 × 1 = 10]**

i) तुलसीदास ने अपनी रचनाओं में भक्ति मुख्यतः की है?

अ) भगवान राम की     ब) भगवान कृष्ण की

स) हनुमान की     द) शिव की

ii) सूरदास का जन्म माना जाता है?

अ) रूनकता     ब) सीही

स) दोनों जगह     द) बिहार

iii) कवि जयशंकर प्रसाद थे?

अ) कवि     ब) गद्यकार

स) दोनों     द) दोनों नहीं

iv) 'निराला' नाम से प्रसिद्ध कवि हैं?

अ) जयशंकर प्रसाद     ब) हरिवंशराय बच्चन

स) सुर्यकांत त्रिपाठी     द) गिरिजा कुमार

v) 'एक कहानी यह भी, में मुख्यतः वर्णन है

अ) पिताजी के व्यक्तित्व का     ब) प्राध्यापिका शीला अग्रवाल का

स) दोनों का     द) दोनों का नहीं

vi) 'नौबतखाने में इबादत' में जीवन वर्णन है?

अ) बिस्मिल्ला खां का　　ब) रसूलन बाई का

स) बातुलन बाई का　　द) शमसुद्दीन का

vii) भदंत आनंद कौसल्यायन थे

अ) बौद्ध भिक्षु　　ब) जैन मुनि

स) सन्यासी　　द) राजनेता

viii) 'सिक्किम' की राजधानी है?

अ) गंगटोक　　ब) ल्हासा

स) उत्तराखण्ड　　द) बिहार

ix) 'कलम का जादूगर' कहा जाता है?

अ) बालगोबिन भगत को　　ब) रामवृक्ष बेनीपुरी को

स) जयशंकर प्रसाद को　　द) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल को

x) 'हिरोशिमा' नामक कविता लिखी है –

अ) जयशंकर प्रसाद　　ब) कबीर

स) अज्ञेय　　द) महादेवी वर्मा

## खण्ड – 'ब'

प्र.2) निम्नलिखित में से किसी एक अपठित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए – [5 × 1 = 5]

किसी देश की उन्नति एवं अवनति उस देश के साहित्य पर ही अवलंबित है। चाहे वह देश को उन्नति की चरम सीमा पर पहुँचा दे और चाहे तो अवनति के गर्त में गिरा दे । कवि रवि की पहुँच से भी अधिक प्रकाश करता है । वही निर्जीव जाति में प्राण प्रतिष्ठा करता है और निराशापूर्ण हृदय में आशा का संचार करता है । वही राजनीति को प्रेरणा देता है तथा राजनीतिज्ञों का पथ–प्रदर्शन करता है । वही अतीत के गौरव गीत गाता है और साथ ही भविष्य की स्वर्णिम कल्पना करता है, वही सोई हुई जाति को जगाता है और उत्साह का संचार करता है ।

i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

ii) किसी देश की उन्नति एवं अवनति किस पर अवलम्बित है?

iii) कवि किसकी पहुँच से भी अधिक प्रकाश करता है?

iv) निराशापूर्ण हृदय में आशा का संचार कौन करता है?

v) 'उन्नति' का विलोम शब्द लिखिए ।

अथवा

किसी भी लक्ष्य की आधी प्राप्ति तो कार्य करने के लिए बनी रहने वाली आशा और उत्साह का संचार ही है । जब मनुष्य अपने मन में लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संकल्प लिए चलता है तब मार्ग में आने वाली बाधाओं – तकलीफों का प्रभाव कम होता रहता है, क्योंकि उसे निरंतर अपने आप ही से मंजिल तक पहुँच सकने का निश्चय मिलता रहता है । बाहरी प्रोत्साहन का अपना महत्त्व होता है, किंतु मनुष्य जब तक खुद को प्रेरित न करे तब तक लाख अनुकूलताएँ एवं सुअवसर सामने हों, लक्ष्य की प्राप्ति असंभव प्राय ही रहती है । घातक बीमारी से भी व्यक्ति की भीतर से लड़ने की शक्ति उसमें नवीन प्राणों का संचार कर देती है । इसलिए जीत का संबंध शारीरिक भौतिक सामर्थ्य की तुलना में मानसिक धारणा से अधिक है ।

i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।

ii) लाख अनुकूलताएँ एवं सुअवसर सामने होने पर भी लक्ष्य की प्राप्ति कब असंभव रहती है?

iii) जीत का संबंध किससे अधिक है?

iv) घातक बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति में नवीन प्राणों का संचार कौन करता है?

v) 'सुअवसर' का समानार्थी शब्द गद्यांश में से लिखिए ।

प्र.3) निम्नलिखित में से किसी एक अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए। [5 × 1 = 5]

'जन्म दिया माता – सा जिसने,

किया सदा लालन– पालन,

जिसके मिट्टी जल से ही,

है रचा गया हम सबका तन,

गिरिवर नित रक्षा करते है,

उच्च उठा के श्रृंग महान,

जिसके लता द्रुमादिक करते

हमको अपनी छाया दान,

माता केवल बाल – काल में,

निज अंक में धरती है,

हम अशक्त जब तलक तभी तक

पालन पोषण करती है,

मातृभूमि करती है सबका, लालन सदा मृत्यु पर्यन्त

जिसके दया प्रवाहों का होता न कभी सपने में अंत

i) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

ii) हम सबका तन किससे रचा गया है?

iii) माता हमें कब अंक (गोद) में लेती है?

iv) ''सशक्त'' शब्द का विलोम लिखिए।

v) 'जननी' शब्द का पर्यायवाची लिखिए।

अथवा

वीर जवानों सुनो तुम्हारे सम्मुख एक सवाल है ।
जिस धरती ने तुमको सींचा
अपने खून–पसीने से
हार गई दुश्मन की गोली
वज्र सरीखे सीने से ।
जब–जब उठी तुम्हारी बांहे होता वश में काल है ।
जिस धरती के लिए सदा
तुमने सब कुछ कुर्बान किया,
शूली पर चढ़ –चढ़ कर, हंस–हंस कर
कालकूट विष – पान किया ।
जब – जब तुमने कदम बढ़ाया, हुई दिशाऐं लाल हैं ।

i) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।
ii) कदम बढ़ाने पर दिशाऐं कैसी हुई हैं?
iii) धरती को किससे सींचा गया है?
iv) पद्यांश में सीने को किसके समान बताया गया है?
v) पद्यांश में 'पान' का अर्थ लिखिए ।

## खण्ड – 'स'

प्र.4) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 150 शब्दों में निबंध लिखिए। **[8]**

i) दशहरा
ii) रक्षाबंधन
iii) स्वच्छता का महत्त्व
iv) स्वतंत्रता दिवस

प्र.5) स्वयं को राज. उ.मा. विद्यालय अजमेर का छात्र अभिषेक मानते हुए अपने प्रधानाचार्य को बीमारी के कारण तीन दिन का अवकाश प्रदान करने हेतु प्रार्थना–पत्र लिखिए । **[6]**

अथवा

स्वयं को भरतपुर निवासी सुरेश मानते हुए मतदाता सुची में अपना नाम जुड़वाने के लिए निर्वाचन अधिकारी को आवेदन पत्र लिखिए ।

## खण्ड – 'द'

प्र.6) सर्वनाम किसे कहते हैं? [2]

प्र.7) निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण छाँटकर लिखिए। [2]

i) गीता मोटी लड़की है।

ii) राघव दुबला – पतला लड़का है।

प्र.8) निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया का काल बताइए। [2]

i) राम ने रावण को मारा था।

ii) हरीश कक्षा नौ में पढ़ता है।

प्र.9) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए। [2]

i) एक कहानियों की पुस्तक दीजिए।

ii) शाम के पाँच बजा है।

प्र.10) निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए। [2]

i) चित्र बनाने वाला

ii) पन्द्रह दिनों का समय

## खण्ड – 'य'

प्र.11) निम्नलिखित में से किसी एक पठित पद्यांश को पढ़कर नीचे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – [5 × 1 = 5]

लखन कहा हसि हमरे जाना। सुनहु देव सब धनुष समाना ।।
का छति लाभु जून धनु तोरें। देखा राम नयन के मोरें ।।
छुअत टूट रघुपतिहु न दोसू। मुनि बिनु काज करिअ कत रोसू ।।
बोले चितै परसु की ओरा। रे सठ सुनि सूभाउ न मोरा ।।

i) उक्त पद्यांश किस कवि के द्वारा लिखा गया है?

ii) उक्त पद्यांश किस काव्य में से लिया गया है?

iii) मुनि को बिना कारण क्या नहीं करना चाहिए?

iv) 'रघुपति' किसे कहा गया है?

v) 'नयन' के दो पर्यायवाची लिखिए।

अथवा

छोटे से जीवन की कैसे बड़ी कथाएँ आज कहूँ?
क्या यह अच्छा नहीं कि औरों की सुनता मैं मौन रहूँ?
सुनकर क्या तूम भला करोगे मेरी भोली आत्म–कथा?
अभी समय भी नहीं, थकी सोई है मेरी मौन व्यथा।

i) उपर्युक्त पद्यांश किस कविता से लिया गया है?

ii) उपर्युक्त पद्यांश के लेखक का नाम लिखिए।

iii) 'भला' शब्द का विलोम शब्द लिखिए।

iv) 'कथा' शब्द से क्या तात्पर्य है?

v) 'मौन' का समानार्थी शब्द लिखिए।

प्र.12) निम्नलिखित में से किसी एक पठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। [5 × 1 = 5]

अमीरूद्दीन की उम्र अभी 14 साल है। मसलन बिस्मिल्ला खाँ की उम्र अभी 14 साल है। वही काशी है, वही पुराना बालाजी का मन्दिर जहाँ बिस्मिल्ला खां को नौबत खाने रियाज के लिए जाना पड़ता है मगर एक रास्ता है बालाजी मन्दिर तक जाने का यह रास्ता रसूलनबाई और बतूलनबाई के यहाँ से होकर जाता है। इस रास्ते में अमीरूद्दीन को जाना अच्छा लगता है। इस रास्ते न जाने कितने तरह के बोल – बनाव कभी ठुमरी, कभी टप्पे–कभी दादरा के मार्फत ड्योढ़ी तक पहुँचते रहते हैं। रसूलन और बतूलन जब गाती हैं तब अमीरूद्दीन को खुशी मिलती है। अपने ढ़ेरों साक्षात्कारों में बिस्मिल्ला खाँ साहब ने स्वीकार किया है कि उन्हें अपने जीवन के आरंभिक दिनों में संगीत के प्रति आसक्ति इन्हीं गायिका बहिनों को सुनकर मिली है। एक प्रकार से उनकी अबोध उम्र में अनुभ की स्लेट पर संगीत प्रेरणा की वर्णमाला रसूलनबाई और बतुलनबाई ने उकेरी है।

i) बिस्मिल्ला खां को रियाज के लिए कहाँ जाना पड़ता है?

ii) अमीरूद्दीन को बालाजी के मन्दिर तक जाने के लिए कौन–सा रास्ता अच्छा लगता है?

iii) अमीरूद्दीन अपने जीवन में संगीत का प्रथम प्रेरक किसे मानते हैं?

iv) उपर्युक्त गद्यांश में से 'अभ्यास' शब्द का दूसरा शब्द लिखिए।

v) गद्यांश में से 'विरक्ति' शब्द का विलोम शब्द छाँटकर लिखिए।

अथवा

हालदार साहब की आदत पड़ गई, हर बार कस्बे से गुजरते समय चौराहे पर रूकना, पान खाना और मूर्ति को ध्यान से देखना। एक बार जब कौतूहल दूर्दमनीय हो उठा तो पान वाले से ही पूछ लिया क्यो भई! क्या बात है? यह तूम्हारे नेताजी का चश्मा हर बार बदल कैसे जाता है?

पान वाले के खुद के मुँह में पान ठुँसा हुआ था। वह एक काला मोटा और खुशमिजाज आदमी था। हालदार साहब का प्रश्न सुनकर वह आँखों ही आँखों में हँसा। उसकी तोंद थिरकी। पीछे घूमकर उसने दुकान के नीचे पान थूका और अपनी ला – काली बत्तीसी दिखाकर बोला, कैप्टन चश्मे वाला करता है।

i) हालदार साहब को क्या आदत पड़ गई थी?

ii) पान वाला कैसा व्यक्ति था?

iii) चश्मे को बदलने का काम कौन करता था?

iv) गद्यांश का उपर्युक्त शीर्षक लिखिए।

v) प्रस्तुत गद्यांश में 'पतला' शब्द का विलोम शब्द लिखिए।

अति लघूत्तरात्मक प्रश्न : **[4 × 1 = 4]**

प्र.**13)** गोपियों को उद्धव का संदेश किसके समान लगा?

प्र.**14)** लेखिका 'मन्नू भंडारी' के जीवन पर किन–किन व्यक्तियों का प्रभाव पड़ा?

प्र.**15)** किन महत्त्वपूर्ण आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सुई – धागे का आविष्कार हुआ होगा?

प्र.**16)** बच्चे की दंतुरित मुसकान का कवि के मन पर क्या प्रभाव पड़ता है?

लघूत्तरात्मक प्रश्न : [2 × 2 = 4]

प्र.17) कवि आत्मकथा लिखने से क्यों बचना चाहता है?

प्र.18) नवाब साहब ने खीरों के साथ क्या किया?

निबंधात्मक प्रश्न – [2 × 4 = 8]

प्र.19) 'बालगोबिन भगत' पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

'आत्मकथ्य' कविता का सार अपने शब्दों में लिखिए।

प्र.20) कवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' का जीवन परिचय लिखिए।

अथवा

कवि 'सूरदास' का जीवन परिचय लिखिए।

प्र.21) निम्नलिखित में से किसी एक का जीवन परिचय लिखिए। [2]

i) मन्नू भंडारी

ii) स्वयं प्रकाश

iii) तुलसीदास

iv) जयशंकर प्रसाद

## खण्ड – 'च'

**प्र.22)** निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए – **[2 × 3 = 6]**

i) मइयाँ लेखक को क्या कहकर भोजन खिलाने की जिद किया करती थी?

ii) बुरी तरह झुलसे हुए व्यक्ति के छाया वाले पत्थर को देखकर क्या अनुमान लगाया गया?

iii) गुरू नानक के फुट प्रिंट के बारे में क्या कहावत है?

**प्र.23)** 'साना–साना हाथ जोड़ि .....' पाठ में लेखिका ने किसका वर्णन किया है? **[2]**

❍❍❍❍

DO NOT WRITE ANYTHING HERE